**प्रेस नोट**

**जनपद सीतापुर**

## चोरी की योजना बनाते तीन शातिर गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक श्री आर. पी. सिंह द्वारा चोरी/नकबजनी की घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारीगण व प्रभारी निरीक्षकगण को घटनाओं को रोकनें व अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये थे।

पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में गठित थाना महमूदाबाद पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 02.02.2021 चेकिंग के दौरान चोरी की योजना बनाते हुए तीन अभियुक्तगण 1. दुर्गेश पुत्र रवीन्द्र कुमार यादव नि0 गोधौरा थाना महमूदाबाद 2. मीनू पुत्र राजाराम नि0 तेजनीपुर थाना रामपुर कलां 3. अमित कुमार पुत्र राकेश कुमार नि0 जयराम थाना महमूदाबाद सीतापुर को महमूदाबाद स्टेडियम के पीछे से गिरफ्तार किया है। जिनके पास से आला नकब आहनी, अधजली मोमबत्ती, बीड़ी माचिस 01 अदद टार्च, 01 अदद पेचकस बरामद किया गया है। उक्त संबंध में मु0अ0सं0 31/20 धारा 401 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया है। इसके अतिरिक्त अभियुक्त दुर्गेश व मीनू उपरोक्त के कब्जे से 02 अदद अवैध देशी तमन्चा 12 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ है। अवैध शस्त्र बरामदगी के संबंध में क्रमशः मु0अ0सं0 31/21, 32/21 अन्तर्गत धारा 25(1-B) शस्त्र अधिनियम पंजीकृत किया गया है। पूंछताछ पर बताये कि हम लोग कस्बे में ही चोरी की योजना बना रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के चोर हैं। अभियुक्तों का चालान माननीय न्यायालय किया जा रहा है। जनपद में अपराधियों के विरूद्ध निरन्तर कार्यवाही इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

**नाम पता अभियुक्त-**

1. दुर्गेश पुत्र रवीन्द्र कुमार यादव नि0 गोधौरा थाना महमूदाबाद सीतापुर
2. मीनू पुत्र राजाराम नि0 तेजनीपुर थाना रामपुर कलां सीतापुर
3. अमित कुमार पुत्र राकेश कुमार नि0 जयराम थाना महमूदाबाद सीतापुर

**पंजीकृत अभियोग-**

1. मु0अ0सं0 31/20 धारा 401 भादवि थाना महमूदाबाद सीतापुर।
2. मु0अ0सं0 32/21 धारा 25(1-B)A शस्त्र अधिनियम थाना महमूदाबाद सीतापुर।
3. मु0अ0सं0 33/21 धारा 25(1-B)A शस्त्र अधिनियम थाना महमूदाबाद सीतापुर।

**बरामदगीः-** आला नकव आहनी, अधजली मोमबत्ती, बीडी माचिस 01 अदद टार्च, 01 अदद पेचकस व 02 अदद देशी तमन्चा 12 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर

**पुलिस टीमः-**

1. उ0नि0 श्री संदीप तिवारी
2. का0 हिमांशु सिंह
3. का0 कुलदीप वर्मा
4. का0 सुमित चौधरी

